

# अष्टादश बिहार विधान सभा

## प्रथम सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या--01 सोमवार, दिनांक--01 दिसम्बर,2025 ई०।

माननीय अस्थायी अध्यक्ष, श्री नरेन्द्र नारायण यादव की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई।

समय : 11:00 बजे पूर्वाह्न से 01:50 बजे अप० तक

**[1] महामहिम राज्यपाल से प्राप्त संदेशों का पढ़ा जाना:–**

सभा सचिव ने महामहिम राज्यपाल से प्राप्त निम्नांकित संदेशों को पढ़कर सुनाया:-

(i) "भारत के संविधान के अनुच्छेद-- 180 के खण्ड (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मैं, आरिफ मोहम्मद खां, बिहार का राज्यपाल, बिहार विधान सभा के सदस्य, श्री नरेन्द्र नारायण यादव को दिनांक:–01.12.2025 के लिए, जब तक अध्यक्ष का निर्वाचन नहीं हो जाता है, अध्यक्ष पद के कर्त्तव्यों का पालन करने के निमित्त नियुक्त करता हूँ।

पटना, ह०/--आरिफ मोहम्मद खां

दिनांक-- 24 नवम्बर, 2025 राज्यपाल,बिहार ।"

(ii) "भारत के संविधान के अनुच्छेद-- 188 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैं, आरिफ मोहम्मद खां, बिहार का राज्यपाल, इसके द्वारा बिहार विधान सभा के सदस्य, श्री नरेन्द्र नारायण यादव को वह व्यक्ति नियुक्त करता हूँ जिनके समक्ष बिहार विधान सभा के प्रत्येक सदस्य, ऐसे सदस्यों को छोड़कर जिन्होंने मेरे समक्ष शपथ या प्रतिज्ञान कर लिया हो, विधान सभा में अपना स्थान ग्रहण करने के पूर्व दिनांक:-- 01.12.2025 के लिए शपथ लेंगे या प्रतिज्ञान करेंगे।

पटना, ह०/–आरिफ मोहम्मद खां

दिनांक 24 नवम्बर, 2025 राज्यपाल, बिहार ।"

(iii) "भारत के संविधान के अनुच्छेद 188 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैं, आरिफ मोहम्मद खां, बिहार का राज्यपाल, इसके द्वारा अध्यक्ष, बिहार विधान सभा को वह व्यक्ति नियुक्त करता हूँ, जिनके समक्ष विधान सभा के ऐसे सदस्य, जिन्होंने शपथ या प्रतिज्ञान नही किया हो, अध्यक्ष के निर्वाचन के बाद शपथ लेंगे या प्रतिज्ञान करेंगे।

पटना

दिनांक- 24 नवम्बर, 2025

ह०/ आरिफ मोहम्मद खां
राज्यपाल, बिहार।"

[2] मानतीय अस्थायी अध्यक्ष का स्वागत घोषणा:-

यथा संलग्न।

[3] माननीय सदस्यों द्वारा शपथ या प्रतिज्ञान ग्रहण:-

माननीय अस्थायी अध्यक्ष महोदय की अनुमति से शपथ/प्रतिज्ञान की कार्यवाही प्रारंभ हुई।

निर्धारित भोजनावकाश की अवधि के पूर्व माननीय संसदीय कार्य मंत्री, श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा सभी उपस्थित माननीय सदस्यों का शपथ या प्रतिज्ञान ग्रहण पूरा हो जाने तक सदन की कार्यवाही विस्तारित करने का प्रस्ताव किया गया । आसन द्वारा सदन की सहमति प्राप्त कर सभी उपस्थित माननीय सदस्यों का शपथ या प्रतिज्ञान ग्रहण हो जाने तक सदन की कार्यवाही विस्तारित करने की घोषणा की गई ।

माननीय अस्थायी अध्यक्ष महोदय द्वारा सदन को सूचित किया गया कि जिन माननीय सदस्यों का शपथ ग्रहण या प्रतिज्ञान आज नहीं हो सका है, उनका शपथ ग्रहण या प्रतिज्ञान कल होगा।

आज दिनांक 01.12.2025 को कुल 236 (दो सौ छत्तीस) माननीय सदस्यों ने शपथ लिया।

तदुपरांत सभा की बैठक मंगलवार, दिनांक- 02.12.2025 के 11:00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई।

पटना

दिनांक :- 01.12.2025

डॉ० ख्याति सिंह
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना।